कार्यक्रम | सुखलाल कुशवाहा की जयंती पर अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद मप्र की न्याय महारैली

महापुरूषों को सम्मान देंगे तो हमें भी मिलेगा सम्मान

नवभारत,दमोह. जननायक सुखलाल कुशवाहा पूर्व सांसद की 62वीं जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद मप्र की न्याय महारैली की ऐतिहासिक आयोजन तहसील ग्राउन्ड पर किया गया.जिसमें प्रदेश के कई जिलो से कुशवाहा समाज ओवीसी महासभा अल्पसंख्यक व दलित भाईयो ने न्याय महारैली में सह भागिता की. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपी यादव पूर्व संसद ने कहा कि सुखलाल कुशवाहा जो निमौक थे निडर थे,विचारो की मशाल थे और समाज के लिये उनके मन में बहुत कुछ करने का जुनुन था.

उनकी जन्मजयंती पर हजारो की तादाद में लोगों का जुड़ना इस बात का पारिचायक है कि वह आज भी लोगों के दिलो में है. जब हमें खून की जरूरत होती है.तो वहां हम यह नहीं देखते यह किस जाति का है.पूर्व विसा अध्यक्ष राजा पटेरिया,पूर्व मंत्री सुरेश राजे, पूर्व विधायक अजय टंडन,तरवर सींग, प्रताप सींग, कैलाश कुशवाहा, सुनील सराफ, बैजनाथ कुशवाहा,पूर्व विधायक नागमणि कुशवाहा, मदन सींग कुशवाहा, आरिफ इकबाल,मानक पटेल, रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, ज्योति पटेल, प्रदीप खटीक, बृजेन्द्र सींग ने भी कहा कि दलित शोषित वंचित समुदाय के साथ कितनी घटनाये हो गई और और कितनी घटनाओ की जानकारी हमें नहीं है.वर्तमान की सरकारे जिस तरह का काम कर रही है.उससे यही लगता है कि हमें पुन: गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है.आयोजक व सतना विधायक सिद्वार्थ कुशवाहा ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई जो उनके पिता ने शुरू की थी. उसी की मुहिम वह मप्र के किसी न किसी जिले में उनके जन्म दिवस पर आयोजन कर दीन दुखी निर्वल असहाय शोषित वंचित व्यक्तियों की आवाज उठाने के लिये आयोजन करते है.जिससे सामाजिक न्याय मांगने वाला व्यक्ति यह न समझे कि वह अकेला है.हम सब उसके हक के लड़ाई के लिये तत्पर है. कार्यक्रम प्रभारी बसंत कुशवाहा ने प्रदेश के कोने कोने से आये आतिथियों का स्वागत किया. इस अवसर पर योगेन्द्र कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, डालचंद कुशवाहा, शमीम कुरैशी, पुरूषोत्तम कुशवाहा, पप्पू कुशवाहा, मुकेश रोहिताश, रवि कुशवाहा सहित कुशवाहा समाज व ओबीसी महासभा के व्यक्तियो महिलाओं की उपस्थिति रहीं.

पुलिस प्रशासन अलर्ट

इस दौरान दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार रॉबिन जैन, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, डीएसपी सौरभ त्रिपाठी, टीआई कोतवाली मनीष कुमार, टीआई रचना मिश्रा,थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल, तेजगढ़ अरविंद सिंह,सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, जबलपुर नाका प्रशीता कुर्मी सहित पुलिस बल मौजूद रहा .शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संपन्न हुआ.

नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य का किया गया स्वागत

साहिल सिंह को लड्डुओं से तोला गया

कुम्हारी नवभारत 5 जनवरी। जिला पंचायत सदस्य की जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद कुम्हारी पहुंचे साहिल सिंह का बड़े ही उत्साह के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया गया। उन्हें पहली बार मगज के लड्डुओं से तोला गया।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक आशुतोष दुबे ने कहा कि क्षेत्र में जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए साहिल सिंहजनता के हर कार्यों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। क्षेत्र में जो समस्याएं हैं उनका निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सभी समर्थकों में उत्साह नजर आ रहा था। करीब 70 किलो लड्डू से साहिल सिंह को तोला गया।

भारत माता के लगे जयकारे

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत माता के जयकारे लगाए। इस अवसर पर साहिल सिंह ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मेरी नहीं आपका आशीर्वाद है और मैं हमेशा आपके सुख-दुख में समर्पित रहूंगा इस दौरान किशुन खम्परिया, संतोष ठाकुर, रतन यादव, विजय ठाकुर, खेमराज लोधी, आशीष ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

हॉकी दमोह टीम को शुभकामनाये दी

नवभारत,दमोह .हॉकी दमोह की महिला हॉकी टीम अगले दौर में हॉकी दमोह कोषाध्यक्ष राजेश सालोमन विकास जैन ने बताया कि बालाघाट में खेली जा रही सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता मे हॉकी दमोह को धार हॉकी से वाई मिलने पर अगले दौर मे पहुंच गई हॉकी दमोह महिला टीम के कोच रियाज सहायक कोच अरमान मैनेजर परवीन के मार्गदर्शन मे सफल हो रही .टीम को शुभकामनाये हॉकी दमोह के सदस्यो ने दी है.

नवभारत,दमोह। जैन मुनि प्रमाण सागर महराज का बांदकपुर आगमन और रात्रि विशाम। चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस बल मौजूद।

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या विरोध में जबेरा में पुतला दहन कर जताया विरोध

नवभारत,जबेरा/दमोह.बांग्ला देश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में रविवार को खा हिंदू समाज द्वारा श्री राम चौराहा जबेरा में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया.

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बताया कि बांग्लादेश में जो लगातार हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है उसके विरोध में आज हिंदू समाज द्वारा जबेरा श्रीराम चौराहा पर पुतला दहन कर विरोध जताया गया और हमारी सरकार को यह संदेश दिया गया कि इस नरसंहार को लेकर सरकार कड़ी प्रतिक्रिया दे क्योंकि अब शांत रहने का समय नहीं है.साथ ही बांग्लादेश में निवास रत हिंदुओं की सुरक्षा हेतु सरकार ठोस कदम उठाएइस अवसर पर पंकज सिंघई, राम दुबे, लक्ष्य अवस्थी, देवदत्त अवस्थी, शिवम यादव, विनोद बाजपेई, अंकित मिश्रा व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही.

बाघ बनकर छात्र-छात्राएं जंगलों की करे रक्षा

जोगन कुंड में अनुभूति कार्यक्रम में रेंजर नीरज पांडे के द्वारा दी गई छात्र-छात्राओं को रोचक जानकारी

नवभारत,तेजगढ़/दमोह.मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग व इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन तेजगढ़ वन मंडल के जोगनकुंड में किया गया.कार्यक्रम में शासकीय संदीपनी विद्यालय जबेरा, शासकीय कन्या हाई स्कूल जबेरा, शासकीय हाई स्कूल भाटखमरिया के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए.कार्यक्रम का आयोजन वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में रेंजर नीरज पांडे के मार्गदर्शन में जोगन कुंड में आयोजित किया गया.कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मास्टर ट्रेनर बीएल रोहित द्वारा किया गया.बच्चों के पहुंचते ही उन्हें प्राकृतिक नजारों का अनुभव कराते हुए सुबह से ही नाश्ता ब कुल्हड़ में चाय दी गई. इसके उपरांत उन्हें जंगल के अंदर भ्रमण कराते हुए मट ककुंड जलप्रपात का भ्रमण कराया.जहां रमेजर नीरज पांडे सहित उनके स्टाफव मास्टर ट्रेनर के द्वारा वनों में पाई जाने वाले औषधि पेड़ों की जानकारी दी। इसके साथ ही जंगली जानवरों के जो पद चिन्ह मिले उनको भी बताया. छात्र-छात्राएं प्राकृतिक व रोचक जानकारी पाकर बहुत ही उत्साहित ब खुश नजर आए.उन्होंने अपने मन में आ रहे जिज्ञासा प्रश्नों को भी स्टॉप के समक्ष रखें जिनका रेंजर नीरज पांडे व मास्टर ट्रेनर के द्वारा समाधान किया गया. इसके साथ ही जंगल में विभिन्न वन्य जीवों के पद चिन्ह से भी छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया.जंगल से भ्रमण के उपरांत पुन: सभी छात्र जोगनकुंड में एकत्रित हुए जहां पर उनके लिए समरस भोज कराया गया.भोजन के उपरांत मास्टर ट्रेनर बी एल रोहित के द्वारा अनुभूति कार्यक्रम की थीम हम हैं धरती के दूत के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हमें अपने जंगलों का संरक्षण करना है यदि कोई भी जंगली जानवर या जंगल को नुकसान पहुंचता है तो उनकी जानकारी अपने नजदीकी वन अधिकारी को दें। जिस प्रकार बाघ जंगल की रक्षा करते है हमें भी बाघ बनकर जंगल की रक्षा करना है.

अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

नवभारत,मडियादो/दमोह.मडियादो में वफ़्रक्षेत्र प्रबंधन द्वारा गौमुख में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस आयोजन में वर्धा ओर पाली हाईस्कूल के 105 छात्रों ने भाग लिया.हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा इस कार्यक्रम से दूरी बनाई गई ओर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि या कोई भी ग्रामीण शामिल नहीं हुआ. इसका कारण वफ़्रक्षेत्र प्रबंधन द्वारा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं ओर गरीब तबके के मजदूर वर्ग को बेवजह परेशान करना बताया जा रहा है.वहीं कार्यक्रम में छात्रों को वर्धा ओर पाली से लाने में प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरती गई.

एक नजर में

सपना को मिली पीएचडी की उपाधि

नवभारत,दमोह .विगत दिनों सपना ताम्रकार ने गणित विषय को लेकर शोध किया। जिसमें उन्हें एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह द्वारा डॉ. ऑफ फिलोसफी की उपाधि प्रदान की गई डॉ.सपना ताम्रकार ने परिवार के साथ समाज का भी नाम गौरवान्वित किया है। सपना ताम्रकार वरिष्ठ संघ कार्यकर्ता और समाजसेवी स्वर्गीय रमा शंकर ताम्रकार की पुत्री व महेन्द्र ताम्रकार की छोटी बहन है।डॉ सपना राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व प्रांत शारीरिक प्रमुख का दायित्व का निर्वहन भी कर चुकी है। इस उपलब्धि पर मित्रों परिजनों व समाज के वरिष्ठों ने सपना को बधाई दी।

कलियुग के भगवान का नाम भागवत है

नवभारत,दमोह . सत्युग के भगवान का नाम सनकादि है।त्रेतायुग के भगवान का नाम राम है।द्वापर युग के भगवान का नाम कृष्ण है।कलियुग के भगवान का नाम श्रीमद्भागवत महापुराण है।हमारी रोज़ इनसे मुलाक़ात है, रोज़ इनका नितनवीन दर्शन है!परीक्षित मरनेके बाद मुक्त नहीं हुए थे। जिस दिन उन्हें श्रीशुकदेव गुरुदेव मिलें और उन्होंने चतुर्शलोकी भागवत सुना दी उसी दिन मुक्त हो गए थे। वे सात दिन जीवन मुक्त होकर जिये थें! भागवत मरनेके बाद मुक्ति नहीं, भागवत आपको जीवन मुक्ति देता है! जीवनमुक्त होकर जीवन का रस लो, यह जीवन मातम मनाने के लिए नहीं, महोत्सव मनाने के लिये है।

गजानन टेकरी पर आज लगेगा तिल गणेश मेला

नवभारत,दमोह . स्थानीय गजानन टेकरी संतोषी माता मंदिर परिसर में 06 जनवरी 2026 को तिल गणेश मेला का आयोजन किया जाएगा। गजानन टेकरी मंदिर समिति के व्यवस्थापक दिलीप चौरसिया, सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के अध्यक्ष कपिल सोनी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय अंजू खत्री, बजरंग दल जिला संयोजक गोलू चौबे,सकल हिन्दू समाज के युवा जिलाध्यक्ष मोंटी रैकवार ने बताया कि गजानन टेकरी संतोषी माता मंदिर पर प्रतिवर्ष प्राचीन तिल गणेश मेला का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 06जनवरी को गजानन टेकरी पर तिल गणेश मेला का आयोजन सुबह 9 बजे विधिवत पूजन अर्चन कर किया जाएगा। मेला आयोजन समिति द्वारा समस्त धर्म प्रेमियों से मेला में पहुंचने की अपील की गई है।

दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी

नवभारत,सिंग्रामपुर/दमोह. रविवार सुबह दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर ग्राम गुबरा स्थित गुरु कृपा होटल के पास एक अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी.सूचना पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और जांच प्रारंभ की. प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान दयाराम खड़गे,निवासी दमोह के रूप में हुई है.थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने बताया कि मृतक दमोह का रहने वाला था। परिजनों के अनुसार वह तीनदृचार दिन पहले घूमने के लिए आया हुआ था.प्रारंभिक तौर पर ठंड के कारण मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है.शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जबेरा अस्पताल भेजा गया है.पीतम साहू पुरेनहाउ ने जानकारी देते हुए बताया कि अशोक खड़ेरे उनके पड़ोसी हैं और मृतक दयाराम खड़ेरे उनके फूफा लगते हैं. पुलिस से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे.अशोक खड़ेरे ने बताया कि उनके फूफा दयाराम खड़ेरे घूमने के उद्देश्य से आए थे और उनका शव गुबरा के पास मिला है, फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. घटनास्थल पर जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के साथ प्रधान आरक्षक रणधीर सिंह, आरक्षक शिव विश्वकर्मा, जानकी,एनआरएस राहुल दुबे सहित पुलिस टीम रही.

नर्मदा परिक्रमा से लौटे यात्रियों का स्वागत किया

नवभारत,दमोह। नगर में मां नर्मदा परिक्रमा से लौटे यात्रियों का नगर वासियों,परिजनों वा मित्रों के द्वारा फूल माला पहनकर पुष्पवर्षा के साथ नाचते गाते जोरदार स्वागत किया गया। नगर चौराहे पर ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया यात्रा से लौटे प्रमोद उपाध्याय, सतीश उपाध्याय ने बताया कि परिक्रमा की शुरुआत ओमकालेश्वर से प्रारंभ होकर गुजरात के भरूच (अरब सागर) तक की गई यात्रा के दौरान अमरकंटक, डिंडोरी, मंडला, जबलपुर, होशंगाबाद, महेश्वर, बड़वानी,राजपिपला आदि स्थानों से होते हुए गए। शोभा यात्रा के साथ मुख्य बाजार क्षेत्र के हनुमान मंदिर पर आए जहां पर सभी यात्रियों ने भगवान की पूजा अर्चना की इसके बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में सम्मान समारोह सभा का आयोजन किया गया जिसमें नर्मदा परिक्रमा पर गए आचार्य मनोज तिवारी, प्रमोद उपाध्याय, सतीश उपाध्याय,अमर पाण्डेय, राजेंद्र साहू आदि का पुष्प वर्षा कर साल एवं श्रीफल देकर सभी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आचार्य मनोज तिवारी ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा संयम,श्रद्धा और ईश्वर के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाती है जब मनुष्य तप और त्याग के साथ माता नर्मदा के तटों पर चलता है तो उसके जीवन में नई आध्यात्मिक ऊर्जा आती है यह परिक्रमा केवल यात्रा नहीं जीवन को पवित्र बनाने बाला तप है नर्मदा माता की परिक्रमा से नगर और समाज का आध्यात्मिक वातावरण निर्मल होता है इसके बाद अनेक नर्मदा यात्रियों से अपने अपने विचार रखे,अपने यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को साझा ।

दमोह के उस्ताद सम्मान समारोह में जिले की प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

नवभारत,दमोह.जिले के शिक्षा,सामाजिक, क्रीड़ा व राजनैतिक क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व हाजी इकरार उस्ताद जी की ग्यारहवीं पुण्य तिथि पर भावपूर्ण स्मृति सम्मान समारोह-2026 का आयोजन 8 जनवरी 2026,गुरूवार शाम 7 बजे से स्थानीय मानस भवन दमोह में होगा.

जिसमें दमोह के उस्ताद सम्मान-2026में जिले की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को दमोह के उस्ताद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन पटैल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशु पालन व डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन व धर्मेन्द्र सिंह लोधी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन,धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग म.प्र.शासन रहेगें कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत मलैया विधायक दमोह व पूर्व वित्तमंत्री म.प्र. शासन,विशिष्ट अतिथि में श्याम शिवहरे जिलाध्यक्ष भाजपा, ज़िला दमोह व अजय टंडन पूर्व विधायक दमोह उपस्थित रहेगें. कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा 8 जनवरी सुबह 9 बजे से स्टेडियम टर्फखेल ग्राउण्ड पर संभागीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन होगा.जिसमें अनेक टीमें भाग लेंगी.इसके अलावा शाम 7 बजे से सम्मान समारोह आयोजित होगा.जिसमें जिले की प्रतिभाओं को दमोह के उस्ताद सम्मान से नवाज़ा जाएगा. साथ ही हॉकी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा.

आग्रह | कलेक्टर ने जिलेवासियों से शीतलहर के मद्देनज़र विशेष सावधानी बरते की अपील

ड्यूटी के दौरान कर्मचारी की तबियत बिगड़ने पर भर्ती

नवभारत,दमोह.देहात थाना क्षेत्र की सागर नाका चौकी में पदस्थ पूरनलाल अठ्या का अचानक बीपी बढ़ने से तबियत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में सोमवार शाम को भर्ती किया गया.ड्यूटी के दौरान अचानक तबियत बिगड़ने पर112 व साथी 43 प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी, प्रधान आरक्षक 167 नीरज श्रीवास्तव, 594 शाहबाज खान, रामकुमार, नागेंद्र के सहयोग से जिला अस्पताल में तत्काल भर्ती कराया गया.

डॉक्टर यशपाल के बताएं अनुसार तत्काल इलाज मिलने पर पूरनलाल अठ्या सकुशल स्वास्थ्य हैं, इसके अलावा सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंचे और हेड कांस्टेबल 108 पूरनलाल अठ्या का स्वाथ्य हाल जाना हैं.गिरे तापमान के चलते सभी लोगों को अपनी जिम्मेदारी के साथ-साथ सावधानी बरतने की आवाश्यकता हैं. उन्होंने कहा यदि सभी लोग सावधानी बरतेंगे, तो यह 8-10 दिनों का कठिन मौसम आसानी से निकल जाएगा और परिस्थितियाँ सामान्य हो जाएंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने किसान भाइयों से भी आग्रह किया कि 8 से 10 जनवरी तक संभावित बारिश को देखते हुए फसलों और कृषि कार्यों के प्रति सजग रहें।कलेक्टर ने आश्वस्त किया प्रशासन जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में नागरिक 112 या दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर तत्काल संपर्क कर सकते हैं अथवा जनसुनवाई में अपनी बात रख सकते हैं।

शीतलहर और बारिश को लेकर कलेक्टर ने आमजन और किसानों से की अपील

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिलेवासियों से संभावित शीतलहर के मद्देनज़र विशेष सावधानी बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा पिछले कुछ दिनों से लगातार शीतलहर चल रही है और मौसम विभाग के अनुसार 8-9 जनवरी तक इसके बने रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं बारिश होने की भी आशंका जताई गई है। कलेक्टर ने शहर व जिले की जनता से आग्रह किया कि सर्दियों के इस मौसम में अपनी और अपने परिवार की सेहत का विशेष ध्यान रखें। ठंड से बचाव के लिए हर स्तर पर सभी आवश्यक उपाय अपनाएं,खासकर बच्चों और बुजुर्गों को शीतलहर से सुरक्षित रखें, ताकि वे बीमार न हों।

मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग

नवभारत,तेंदुखेडा/दमोह.तेंदुखेडा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम झलौन में तड़के लगभग सुबह 5 बजे एक मकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना सामने आई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आग लोकचंद जैन, निवासी गुहची झलौन के मकान की दहलान में लगी.आग लगने से घर में रखा वॉशिंग मशीन, कूलर, पंखा,पलंग बिस्तर सहित घरेलू सामान जलकर खाक हो गया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पटवारी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित पुलिस थाने को सूचना देने की बात कही गई. सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है.